**Website-** pranfoundation.com **Mob: +91 9336588356**

# PRAN FOUNDATION

## प्राण फाउण्डेशन सारथी छात्रवृत्ति लिखित परीक्षा 2025–26 के लिये दिशा निर्देश

प्राण फाउण्डेशन शिक्षा, शोध और समाजसेवा के क्षेत्र में कार्यरत एक गैर लाभकारी संगठन है। इसका पूरा नाम Plebeians Research & Academic Network Foundation (PRAN Foundation) है। इसका उद्देश्य अयोध्या जनपद के मेधावी व आर्थिक रुप से कमजोर छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और छात्रवृत्ति प्रदान करना है। प्राण फाउण्डेशन न केवल छात्रों को छात्रवृत्ति के माध्यम से आर्थिक मदद करता है, बल्कि उन्हें शोध और उच्चशिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने लिये मार्गदर्शन भी देता है।

प्राण फाउण्डेशन की शुरुआत सन 2023 में हुई। प्राण फाउण्डेशन प्रतिवर्ष अयोध्या जनपद के सरकारी/गैर सरकारी विद्यालयों में कक्षा 8 में अध्ययनरत छात्रों (जिनके परिवार की वार्षिक आय 1 लाख या 1 लाख से कम है) को लिखित परीक्षा के आधार पर 50 छात्रों को प्रतिवर्ष 6 हजार रुपये वार्षिक छात्रवृत्ति प्रदान करती है। पुनर्मूल्यांकन परीक्षा में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर कक्षा 12 तक निरन्तर प्राप्त होती है। संस्था ने विगत तीन वर्षों में सैकड़ों विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की है।

प्राण फाउण्डेशन का विचार है एक बच्चे को सशक्त बनाना, एक परिवार को सशक्त बनाना। हम मानते हैं कि शिक्षा के माध्यम से किसी भी परिवार में स्थाई बदलाव लाया जा सकता है। अयोध्या में हमारी छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित करने के लिए अयोध्या के परिषदीय शिक्षकों की टीम एक साथ मिलकर जमीनी स्तर पर काम कर रही हैं। उनकी मेहनत से ही हम अधिक से अधिक बच्चों तक पहुंच पाये हैं। संस्था के संस्थापक श्री विकास पाण्डेय जो वर्तमान में जापान में वैज्ञानिक के पद पर कार्यरत हैं, उनके नेतृत्व में संगठन निरन्तर प्रयासरत है। हमारी योजना है कि आने वाले समय में अयोध्या जनपद के

अधिक से अधिक छात्रों को राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पी०एच०डी० (शोध कार्य) के लिये तैयार किया जाय। हम भारतीय और वैश्विक विश्वविद्यालय के साथ अपने सहयोग को और मजबूत करेंगे ताकि हमारे छात्रों को शिक्षा में सर्वोत्तम अनुभव मिल सके।

| | |
|---|---|
| आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि | – 23 फरवरी 2026 |
| आवेदन की अन्तिम तिथि | – 13 मार्च 2026 रात्रि 12 बजे तक। |
| प्रवेश पत्र जारी होने की तिथि | – 20 मार्च 2026। |
| परीक्षा की सम्भावित तिथि | – 29 मार्च 2026 |

## पात्रता

## अनिवार्य योग्यता–

1. अभ्यर्थी के परिवार की वार्षिक आय 1 लाख या 1 लाख से कम हो।
2. अभ्यर्थी का अभिभावक जनपद अयोध्या का मूल निवासी हो।
3. अभ्यर्थी अयोध्या जनपद में किसी सरकारी/गैरसरकारी विद्यालय में शैक्षिक सत्र 2025–26 में कक्षा 8 में अध्ययनरत हो।

## अधिमानी योग्यता

1. यदि अभ्यर्थी के माता या पिता या माता–पिता दोनों की मृत्यु हो चुकी हो तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी मृत्यु प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने पर 5 अंक का भारांक दिया जायेगा।
2. अभ्यर्थी के 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग होने की स्थिति में सक्षम अधिकारी द्वारा दिव्यांग प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने पर 5 अंक का भारांक दिया जायेगा।

## चयन प्रक्रिया

1. प्रथम स्तर–लिखित परीक्षा 100 अंक
2. द्वितीय स्तर–बच्चों का मौखिक परीक्षण और अभिभावक का साक्षात्कार
3. तृतीय स्तर–दस्तावेज सत्यापन

1) छात्रवृत्ति के चयन का आधार मुख्य लिखित परीक्षा होगी जिसमें बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जायेंगे।

2) लिखित परीक्षा में गणित, अंग्रेजी, हिन्दी, विज्ञान, तार्किक क्षमता और सामान्य ज्ञान के प्रश्न होंगे।

3) यह छात्रवृत्ति चयनित छात्र को एक शैक्षिक सत्र केवल 9 वीं कक्षा में दिया जायेगा पुनः कक्षा 10 वीं में पुनः उसे लिखित परीक्षा देनी होगी।

4) यदि कक्षा 9 में छात्रवृत्ति हेतु चयनित छात्र कक्षा 10, कक्षा 11, कक्षा 12 में निरन्तर मुख्य परीक्षा में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करेगा तभी उसे कक्षा 9 वीं से कक्षा 12वीं तक छात्रवृत्ति निरन्तर मिलती रहेगी।

5) लिखित परीक्षा के अंतिम मेरिट सूची में चयनित 50 अभ्यर्थी को एक शैक्षिक सत्र में 6000 रुपये वार्षिक छात्रवृत्ति प्रदान किया जायेगा।

6) मेरिट सूची में यदि दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों का अंक बराबर हो जाता है तो सभी अभ्यर्थियों में कम आयु वाले अभ्यर्थी का चयन छात्रवृत्ति हेतु किया जायेगा।

7) अन्तिम सूची में चयनित प्रत्येक अभ्यर्थी को निम्नलिखित दस्तावेज संस्था में जमा करने होगे अन्यथा चयन निरस्त माना जायेगा।

   1. अभ्यर्थी का आधार की छायाप्रति।
   2. अभ्यर्थी या अभ्यर्थी के अभिभावक की आय प्रमाणपत्र की छायाप्रति।
   3. अभ्यर्थी के अभिभावक का निवास प्रमाणपत्र की छायाप्रति।
   4. अभ्यर्थी के कक्षा 8 का परीक्षाफल की छायाप्रति।
   5. अभ्यर्थी या अभ्यर्थी के अभिभावक की बैंक पासबुक की छायाप्रति।
   6. माता या पिता या माता–पिता दोनों की मृत्यु होने की दशा में मृत्यु प्रमाणपत्र की छायाप्रति।
   7. दिव्यांग प्रमाणपत्र की छायाप्रति।

## आवेदन का प्रकार–

1. सारथी छात्रवृत्ति का आवेदन केवल गूगलफार्म के माध्यम से किया जा सकेगा।
2. आवेदन English भाषा के Capital Letter में भरें।
3. गूगल फार्म का लिंक प्राणफाउण्डेशन की वेबसाईट pranfoundation.in से या सभी ब्लाकों के ब्लाक संयोजकों से सम्पर्क करके प्राप्त कर सकते हैं।

| क्रम सं. | ब्लाक संयोजक का नाम | विद्यालय का नाम | मोबाईल नं | ब्लाक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | उमेश वर्मा | क.वि. बिजड़ा | 9670028618 | मया |
| 2. | सुरेश कुमार | पूमावि पिलाई | 9919200945 | हरिंग्टनगंज |
| 3. | गौतम तिवारी | प्रा.वि. जलालपुरमाफी | 9451647685 | बीकापुर |
| 4. | अभिनव सिंह राजपूत | क.वि. मरुई गनेशपुर | 7376262623 | मिल्कीपुर |
| 5. | कपिलदेव वर्मा | प्रा.वि. नवरोजपुर बघेडी | 9795609797 | मवई |
| 6. | संजय अग्रहरि | क.वि. कोटडीह | 9838733191 | अमानीगंज |
| 7. | श्री प्रकाश पाठक | क.वि. करीमपुर | 9450745974 | रुदौली |
| 8. | हृदय राम | प्रा.वि. दक्षिणपारा | 9956995449 | सोहावल |
| 9. | उमाशंकर शुक्ला | राजकरन इण्टर कॉलेज | 7007297390 | नगर क्षेत्र |
| 10. | अंकित प्रभाकर | प्रा.वि. बाहरपुर | 8090449896 | तारुन |
| 11. | महेन्द्र प्रताप सरोज | क.वि. अबनपुर सरोहा | 9918305334 | मसौधा |
| 12. | अंजनी कुमार सिंह | उप्रावि सुक्खापुर इटौरा | 9452491920 | पूरा |

4. आवेदन में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर निम्नलिखित पदाधिकारियों से सम्पर्क कर सकते हैं।

| क्रम सं. | पदाधिकारियों का नाम | विद्यालय का नाम | मोबाईल नं | ब्लाक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विजय यादव | पू.मा.वि. कुशहा | 9473696740 | बीकापुर |
| 2. | विजय प्रताप सिंह | पू.मा.वि. भेलसर | 8318676136 | रुदौली |
| 3. | शिवम साहू | प्रा.वि. पाराराम | 9918403836 | तारुन |
| 4. | विवेक वर्मा | प्रा.वि. रतनपुर | 9452675799 | मया |
| 5. | मानवेन्द्र प्रताप सिंह | क.वि. खण्डासा | 9415161784 | अमानीगंज |
| 6. | शिव बहादुर पाठक | प्रा.वि. निमडी | 9838199527 | हैरिंग्टनगंज |
| 7. | अतर सिंह यादव | क.वि. मरुईगनेशपुर | 9651993218 | मिल्कीपुर |
| 8. | वंदना तिवारी | क.वि. पारा ब्रह्मनान | 8081809030 | मिल्कीपुर |
| 9. | अंकुर सिंह | क.वि. सोनेडांड़ | 7379698444 | तारुन |
| 10. | अनूप दूबे | प्रा.वि. अहिरौली | 6394417951 | बीकापुर |
| 11. | संजय सिंह | प्रा.वि. अमौनी | 9415394551 | मवई |
| 12. | बसंत वर्मा | प्रा.वि. दराबगंज | 9565417421 | बीकापुर |
| 13. | अनुज सिंह | प्रा.वि. मैनपुर | 9670028618 | मया |

**अन्य महत्वपूर्ण शर्तें–**

1. आवेदन पत्र में दी गई जानकारी व दस्तावेज सही न होने पर संस्था द्वारा चयन निरस्त कर दिया जायेगा।
2. संस्था के चयन समिति का निर्णय अन्तिम व मान्य होगा। अभ्यर्थी द्वारा किसी प्रकार का दावा किसी न्यायालय में नहीं किया जायेगा।
3. अभ्यर्थी वर्तमान शैक्षिक सत्र 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक कक्षा 8 में अध्ययनरत होना चाहिए।
4. आयु सीमा की कोई बाध्यता नहीं है।
5. आवेदन की अन्तिम तिथि के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**दिनांक– 21.02.2026**

**विपिन पाण्डेय**
**निदेशक**
प्राण फाउण्डेशन

**अंकित प्रभाकर**
**परीक्षा प्रभारी**
प्राण फाउण्डेशन